**प्रेरणा**
अकेले हो तो विचारों पर काबू रखो
और सबके साथ हो तो जुबान पर काबू रखो...

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 29 SEPTEMBER TO 05 OCTOBER 2023 • VOLUME 10 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# कांग्रेस नेता सुखपाल खैरा गिरफ्तार

## जलालाबाद कोर्ट ने दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़.** जलालाबाद पुलिस ने 2015 के ड्रग्स तस्करी मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को गुरुवार की सुबह उनकी चंडीगढ़ स्थित रिहायश से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें जलालाबाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा दिया गया। उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस ने सात दिनों की रिमांड मांगी थी लेकिन कोर्ट ने दो दिनों की इजाजत दी।

काबिलेग़ौर है कि अप्रैल 2023 में पुलिस उप महानिरीक्षक स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था और 2015 के मामले की जांच के आधार पर खैरा को गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि पंजाब पुलिस की एक टीम ने सुबह करीब छह बजे खैरा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा और वहीं से उन्हें गिरफ्तार किया।

उधर, विधायक के बेटे ने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया कि पंजाब पुलिस की एक टीम खैरा को पकड़ने के लिए उनके आवास पर पहुंची। वीडियो में खैरा पुलिस टीम के साथ बहस करते और गिरफ्तारी वारंट दिखाने को कहते देखे जा सकते हैं। भुलत्थ के विधायक पुलिस दल में शामिल अधिकारियों से उनके पहचान कार्ड दिखाने के लिए कहते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने खैरा को बताया कि उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है। जब उन्होंने पुलिस टीम से पूछा कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है तो एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें फाजिल्का के जलालाबाद ले जाया जा रहा है।





### गिरफ्तारी के बाद खैरा ने सीएम मान पर लगाए आरोप

एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक मामले में गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेता और विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने पहली प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस विधायक ने कहा कि सीएम भगवंत मान और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इंडिया अलायंस में घुसने के लिये दबाव डालते है। उन्होंने कहा कि पंजाब में विपक्ष को खत्म किया जा रहा है। सीएम मान और मुख्यमंत्री केजरीवाल, बदले की राजनीति कर रहे हैं। सीएम मान ने मेरे ऊपर झूठा केस करवाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह हमेशा मुझसे नफरत करते रहे हैं। जिस जेल में मुझे भेजेंगे वहां गैंगस्टर बैठे हुए हैं जो जेल में बैठकर इंटरव्यू देते हैं।

### कोई अन्याय करता है, वो लंबे समय तक नहीं टिकता : खड़गे



छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा को हिरासत में लेने की कार्रवाई पर अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं इस पर डिटेल मांग रहा हूं। अगर कोई अन्याय करता है, तो वे लंबे समय तक नहीं टिकते। अगर वे हमारे साथ अन्याय करते हैं तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।" मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में किसानों और मजदूरों के सम्मेलन में शामिल हुए थे। जहां उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी पर इशारा करते हुए टिप्पणी की।

### एसआईटी के पास खैरा के खिलाफ पर्याप्त सबूत : मलविंदर सिंह कंग




कांग्रेस नेता सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी(आप) ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नई एसआईटी को जांच के दौरान पर्याप्त सबूत मिले हैं कि सुखपाल खैरा ड्रग्स तस्करी में शामिल रहे हैं। इसलिए एसआईटी की टीम ने उन्हें आगे की जांच-पड़ताल के लिए गिरफ्तार किया है।

वीरवार को चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार पंजाब से नशा खत्म करने के लिए गंभीरतापूर्वक दिन-रात काम कर रही है। मान सरकार की ड्रग्स माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। ड्रग्स तस्करी में शामिल किसी को भी, चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यों न हो, बख़्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी कोई राजनीतिक बदले के कारण नहीं हुई है।

## सीएम ने लिया शहीद भगत सिंह के सपने साकार करने का प्रण

# खटकड़ कलां में बनेगा संग्रहालय और पुस्तकालय

• **जालंधर ब्रीज.** खटकड़ कलाँ (एसबीएस नगर)

देश में पंजाब को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाकर शहीद भगत सिंह के सपने साकार करने का प्रण लिया। बैठक की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह के पारिवारिक सदस्यों हरजिन्दर पाल सिंह गिल, बलदेव सिंह नसराला, रविन्दर सिंह, गुरजीत सिंह और हरभजन सिंह ढट्ट को सम्मानित किया।

यहाँ शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समागम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद भगत सिंह के सपने साकार करने के लिए यत्नशील है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित बनाएगी कि राज्य के किसी भी बाशिन्दे को अपना वतन छोड़क़र विदेश ना जाना पड़े। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा पहले ही कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं, और इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नौजवानों के विदेश जाने के रुझान को रोकने के लिए राज्य सरकार पूरी निष्ठा भावना से जुटी हुई है।

मुख्यमंत्री ने स्कूल सिलेबस में अपेक्षित बदलाव करने का भी ऐलान किया, जिससे हमारी नौजवान पीढ़ी को महान गुरू साहिबानों, संतों-महात्माओं, पीरों-पैगम्बरों और शहीदों के जीवन, विचारधारा और शिक्षाओं संबंधी अवगत करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य के नौजवानों को इन पवित्र आत्माओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और इसी कारण स्कूलों के सिलेबस में उचित बदलाव करने की ज़रूरत है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों में राज्य की महान विरासत का प्रसार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समागम कोई साधारण समागम नहीं है बल्कि दुनिया के महान इन्कलाबी के जन्म दिन के जश्नों का दिन है। उन्होंने कहा, "जिस उम्र में नौजवान अपने माँ-बाप से तोहफों की माँग करते हैं, उस उम्र में शहीद भगत सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत से अपनी मातृभूमि को आज़ाद करवाने की माँग की।" भगवंत सिंह मान ने कहा कि आज का दिन हरेक भारतीय के जीवन में बहुत महान दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद भगत सिंह बहुत पढ़ते थे, जिस कारण वह हमेशा लोगों के कल्याण के लिए चिंतित रहते थे। उन्होंने कहा कि इस महान नायक ने देश को ब्रिटिश हुकूमत के चंगुल से आज़ाद करवाने में बेमिसाल योगदान दिया। भगवंत सिंह मान ने लोगों को याद करवाते हुए कहा, "जब हमारे महान राष्ट्रीय नायक और शहीद, अंग्रेज़ों के ज़ुल्म के ख़िलाफ़ जंग लड़ रहे थे तो उसी समय के दौरान कुछ गद्दार साम्राज्यवादी शक्तियों के हक में खड़े रहे थे। इन जैसे गद्दारों को आज कोई याद भी नहीं करता।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि शहीद-ए-आज़म के सपने आज भी अधूरे हैं क्योंकि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और गरीबी ने अभी भी जड़ें जमाई हुई हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेज़ों के शासन के बाद सत्ता संभालने वाले लोगों ने अंग्रेज़ों की अपेक्षा अधिक बेरहमी से खजाने को लूटा।

**गुरू साहिबान, संत-महात्मा, पीर-पैगम्बरों और शहीदों के जीवन, विचारधारा और शिक्षाओं के प्रसार के लिए स्कूल सिलेबस में उपयुक्त बदलाव करने का ऐलान**



# स्थानीय निकाय मंत्री श्री सिद्ध बाबा सोढल मंदिर में हुए नतमस्तक

## पंजाब सिटी कम्पोस्ट प्रोजेक्ट की शुरुआत की



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने गुरुवार को श्री सिद्ध बाबा सोढल मंदिर में भी माथा टेका और पंजाब की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। स्थानीय निकाय मंत्री ने गुरुवार को जालंधर में पंजाब सिटी कम्पोस्ट प्रोजेक्ट की शुरुआत की और प्रोजेक्ट के तहत लोगों को कचरे से तैयार खाद के बैग बांटे।

प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग के मौके पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सिटी कम्पोस्ट प्रोजेक्ट के तहत नगर निगमों में आने वाले कचरे को प्रोसेस करके खाद बनाया जाएगा ताकि शहरों में कचरे की समस्या खत्म हो सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक ढंग से परीक्षित इस उर्वरक का उपयोग फलों और सब्जियों के लिए किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत जालंधर नगर निगम के अंतर्गत 4 प्लांट काम कर रहे हैं, जिनके जरिए रोजाना 10 टन कूड़े को प्रोसेस करके खाद बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में राज्य में ऐसे और प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे शहरों को कचरा मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।



इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने श्री सिद्ध बाबा सोढल मेले में जालंधर नगर निगम द्वारा लगाए गए स्टाल से प्रोजेक्ट के तहत लोगों को खाद के बैग भी बांटे।

कैबिनेट मंत्री ने मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं को मेले की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है और इन आयोजनों को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये आयोजन समानता का प्रतीक होने के साथ-साथ प्रेरणा और सकारात्मकता का स्रोत भी हैं।

# ईडी ने अभिषेक बनर्जी को किया तलब

**कोलकाता.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी को तीन अक्टूबर को तलब किया है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए टीएमसी ने कहा कि यह उस दिन नयी दिल्ली में पार्टी की निर्धारित रैली को बाधित करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है। बनर्जी ने दावा किया कि इस कदम ने भाजपा के डर को उजागर किया है। मनरेगा के तहत राज्य का बकाया रोकने के केंद्र के फैसले के खिलाफ बनर्जी का तीन अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में एक रैली का नेतृत्व करने का कार्यक्रम है। टीएमसी महासचिव बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया।



बनर्जी ने कहा, 'इस महीने की शुरुआत में, ईडी ने मुझे दिल्ली में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक के दिन तलब किया था। मैंने समन का पालन किया और उपस्थित हुआ था।' बनर्जी ने पोस्ट किया, 'अब एक बार फिर, आज उन्होंने मुझे उस दिन पेश होने के लिए एक और समन भेजा है जब पश्चिम बंगाल के वाजिब बकाये के लिए तीन अक्टूबर को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन होना है।'

# पूर्व अकाली सरपंच सुरजीत सिंह अणखी की गोलियां मारकर हत्या

**होशियारपुर.** होशियारपुर में पूर्व अकाली सरपंच की गोलिया मार हत्या कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माहिलपुर के गांव मेघोवाल गंजियां में अकाली नेता व पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह अणखी की गोलिया मारकर हत्या कर दी गई है। इस संबंधी सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आज मोटरसाइकिल सवार 3 अज्ञात हमलावरों ने सुरजीत सिंह अणखी पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। 3 गोलियां लगने से सुरजीत सिंह गंभीर घायल हो गए जिन्हें तुरन्त होशियारपुर के अस्पताल में लाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई।



## स्वास्थ्य मंत्री ने बांझपन के कारणों का पता लगाने के लिए अध्ययन के आदेश

# मैडीकल कालेजों में एआरटी केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव

**राज्य की समर्थ अथारटी ने पहले ही 64 एआरटी कलीनिकों, 26 एआरटी बैंकों और 16 सरोगेसी कलीनिकों को दी रजिस्ट्रेशन**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के स्वास्थ्य परिवार भलाई मंत्री डा. बलबीर सिंह ने विवाहित जोड़ों में बढ़ रही बाँझपन की समस्या प्रति गहरी चिंता प्रकट करते गर्भधारन में असमर्थता के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए गहरे अध्ययन और सर्वेक्षण करने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के सरकारी मैडीकल कालेजों में सहायक प्रजनन प्रौद्यौगिकी ( ए. आर. टी.) केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। स्वास्थ्य मंत्री आज यहाँ पंजाब भवन में सहायक प्रजनन प्रौद्यौगिकी ( रैगुलेशन) एक्ट, 2021 और सरोगेसी ( रैगुलेशन) एक्ट, 2021 सम्बन्धित गठित राज्य स्तरीय बोर्ड की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैडीकल कालेजों में यह प्रस्तावित एआरटी केंद्र जोड़ों को इन- विटरो फरटीलाईज़ेशन ( आईवीऐफ) और सरोगेसी सहित डाक्टरी प्रक्रियाएं के साथ उनकी बाँझपन की समस्या को दूर करन में सहायता करेंगे।




सेहत मंत्री ने बताया कि पंजाब उन अग्रणी राज्य में से एक है, जिन्होंने पहले ही दोनों एक्ट-एआरटी और सरोगेसी एक्ट लागू किए है जिससे लिंग चयन और सरोगेटस सम्बन्धित शोषण के मुद्दों के साथ सम्बन्धित अनैतिक अभ्यासों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इन एक्ट के लागू होने साथ, राज्य के सभी प्रजनन और सरोगेसी कलीनिकों को बाँझपन की समस्या के साथ पीडित जोड़ों के लिए एआरटी या सरोगेसी प्रक्रियाएं करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने की ज़रूरत होगी।

बता दें कि राज्य की समर्थ अथारटी द्वारा पहले ही 11 एआरटी कलीनिकों ( स्तर 1, 53 एआरटी क्लीनिक ( स्तर 2, 26 एआरटी बैंकों और 16 सरोगेसी कलीनिकों सहित 106 संस्थायों को रजिस्ट्रेशन दी जा चुकी है। डा. बलबीर सिंह ने कहा कि इन एक्ट को लागू करने का मुख्य उदेश एआरटी कलीनिकों और सरोगेसी में अधिक के व्यापारीकरण को रोकने के इलावा ऐसी अनैतिक प्रथाओ को रोकना है। उन्होंने कहा कि एक्ट की धाराओ का उल्लंघन करने पर सख़्त सज़ाएं की भी व्यवस्था है।

इस दौरान प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विवेक प्रताप सिंह, जो बोर्ड के उप-चेयरपर्सन है,के इलावा सदस्यों में विधायक मोगा डा. अमनदीप कौर अरोड़ा, विधायक राजपुरा डा. नीना मित्तल, विधायक अमृतसर पूर्वी डा. जीवनजोत कौर और डायरैक्टर सेहत सेवाओं डा. आदरशपाल कौर उपस्थित थे। इस बैठक में मौजूद दूसरे अधिकारियों में डायरैक्टर परिवार भलाई डा. हितिन्दर कौर और सहायक डायरैक्टर स्वास्थ्य परिवार भलाई विभाग पंजाब डा. विनीत नागपाल भी मौजूद थे।

# बच्चों संग 'Beach Party' के लिए बेस्ट हैं ये 3 बीच

**TRAVELING**

**अगर आप भी बच्चों के एग्जाम के बाद उनका माइंड फ्रेश करने के लिए उन्हें भारत के किसी खूबसूरत बीच पर घुमाकर लाना चाहते हैं तो ये तीन बीस आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चों के मिड टर्म एग्जाम खत्म होने वाले हैं। ऐसे में उनका स्ट्रेस दूर करके उन्हें मोटिवेट करने के लिए अगर आप कोई छोटा सा वेकेशन 'बीच' पर प्लान करना चाहते हैं तो भारत के ये 3 बीच फैमिली और बच्चों के साथ घुमने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इन समुद्रों में आप थोड़ी सी सावधानी बरतते हुए बेफिक्र होकर बच्चों के साथ समुद्र किनारे मस्ती कर सकते हैं।

### महाबलीपुरम बीच, तमिलनाडु-

अगर आप इस बार बच्चों की छुट्टियों में उन्हें किसी खास जगह घुमाने के लिए लेकर जाना चाहते हैं तो फिर आप तमिलनाडु के महाबलीपुरम का रुख करिए, ये आपके लिए बेस्ट ट्रिप साबित हो सकता है। तमिलनाडु में स्थित महाबलिपुरम बीच बच्चों के लिए बेहतर जगह है। यहां बच्चों के देखने के लिए प्राचीन मंदिर, वास्तुशिल्प और एमजीएम डिज्नी वर्ल्ड भी है।

### गणपतिपुले बीच, महाराष्ट्र-



गणपतिपुले महाराष्ट्र में कोंकण तट के सबसे खूबसूरत समुद्र तटों में से एक माना जाता है। गणपतिपुले में समुद्र तटों और गणपति मंदिर के अलावा बच्चों के लिए कई अन्य पर्यटन स्थल भी देखने के लिए हैं।

### कॉलेजियम बीच, गोवा-

गोवा भले ही अपनी नाइट लाइफ के लिए जाना जाता है। लेकिन बच्चे भी गोवा में एंजॉय कर सकते हैं। कोलवा दक्षिण गोवा के सालसेटे गांव में एक खूबसूरत समुद्र तट है। यह जगह लोगों के बीच एक बहुत ही लोकप्रिय पर्यटन स्थल में से एक है, जो अपने समुद्र तटों, भोजन, कई इमारतों के साथ अपने पुर्तगाल महत्व के लिए भी जाना जाता है, जो इतिहास, सुंदरता और वास्तुकला की बात करती हैं। दक्षिण गोवा के कॉलेजियम बीच में बच्चे मस्ती करते हुए पानी में छलांग लगाने के साथ नहाने और बीच पर बोटिंग से लेकर क्रूज तक की सैर कर सकते हैं।



**FASHION+**

## मौनी रॉय से सीखें कॉकटेल पार्टी से लेकर देसी लुक में साड़ी पहन कैसे हो रेडी?

**गॉर्जयिस और बोल्ड लुक के साथ फैंस उनके स्लिम फिगर को खूब पसंद करते हैं। वहीं लड़कियां मौनी के साड़ी वाले लुक को देखकर जरूर इंस्पिरेशन ले सकती हैं**



तस्वीर साभार Social Media

छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली मौनी अपने गॉर्जियस और बोल्ड लुक से फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं उनकी स्लिम फिगर अक्सर सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर रहती है। हालांकि लोग चाहे जो कहें लेकिन मौनी के स्टाइलिश और हॉट लुक को देखकर नजरें हटाना तो मुश्किल रहता है। बोल्ड बिकिनी और वेस्टर्न आउटफिट ही नहीं उनके साड़ी वाले देसी लुक भी कमाल के खूबसूरत दिखते हैं। जिन्हें देखकर लड़कियां जरूर इंस्पायर हो सकती हैं। कि आखिर कॉकटेल पार्टी हो या फिर घर में पूजा दोनों में साड़ी पहनकर कैसे खूबसूरत और परफेक्ट दिखा जा सकता है।

### कॉकटेल पार्टी के लिए मौनी की साड़ियां

मौनी की साड़ियों के कलेक्शन को देखकर लड़कियां आसानी से टिप्स ले सकती हैं। आखिर किस तरह की साड़ियों को कॉकटेल पार्टी में पहना जा सकता है। नेट की व्हाइट साड़ी के साथ सिल्वर ज्वैलरी और नीट लो बन काफी ग्रेसफुल लुक दे रहा है। जिसे आप आसानी से किसी भी गेट-टुगेदर में पहनकर रेडी हो सकती हैं।

### नई नवेली दुल्हन वाला लुक

घर में पूजा है और बिल्कुल नई नवेली दुल्हन जैसा तैयार होना चाहती हैं तो मौनी रॉय की तरह सिल्क की साड़ी को चुन सकती है। आप चाहें तो किसी भी सिल्क की साड़ी के साथ गोल्डन ब्लाउज को पेयर कर सकती हैं। ये परफेक्ट लुक देता है। लाल साड़ी और साथ में गोल्डन टैंपल ज्वैलरी किसी भी लड़की को खूबसूरत दिखाने के लिए काफी है। जिसे मौनी ने स्मोकी आईज और बालों को बन बनाकर कंप्लीट लुक दिया है।

### ब्लाउज के साथ करती हैं एक्सपेरिमेंट

मौनी रॉय साड़ियों के साथ अक्सर ब्लाउज की डिजाइन के साथ एक्सपेरिमेंट करते दिखती हैं। स्वीटहार्ट नेकलाइन और स्लीवलेस डिजाइन का ये ब्लाउज किसी भी लड़की पर परफेक्ट दिखेगा। इस तरह के ब्लाउज की डिजाइन को नेट की साड़ियों के साथ मैच कर पहनें। मिरर वर्क वाले ब्लाउज काफी अट्रैक्टिव लुक देते हैं।

### ब्लैक साड़ी में गॉर्जियस लुक

भीड़ में बिल्कुल अलग दिखना है तो मौनी रॉय की तरह ब्लैक साड़ी के कलेक्शन को जरूर पास रखें। स्ट्रैपी ब्लाउज और ज्वैलरी की खास डिजाइन लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। जैसे मौनी रॉय ने गोल्डन चोकर नेकपीस और हैवी ईयररिंग्स के साथ इन दोनों लुक्स को कंप्लीट किया है।



तस्वीर साभार Social Media

## नाश्ते में बनाएं स्पाइसी तिब्बती स्ट्रीट डिश लाफिंग

**यह डिश स्वाद में तीखी होती है, जो खाने में बेहद स्वाद लगती है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है तिब्बती स्ट्रीट फूड रेसिपी लाफिंग।**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

अगर आप शाम को लगने वाली भूख को शांत करने के लिए मोमोज, आसू टिक्की जैसे स्ट्रीट फूड अब तक खाते रहे हैं तो अपने टेस्ट में थोड़ा चेंज करते हुए ट्राई करें फेमस तिब्बती स्ट्रीट फूड रेसिपी लाफिंग।

### डिश लाफिंग बनाने का तरीका-

लाफिंग बनाने के लिए सबसे पहले 2 कप मैदा में नमक मिलाकर थोड़े से तेल की मदद से अच्छी तरह मिलाएं। आटे की तरह मैदे को गूंथने के लिए इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गूंथ लें। आटा गूंथने के बाद जब नरम हो जाए तो समय जाएं इससे नरम लफिंग तैयार हो जाएगी। अब लाफिंग के इस आटे को ढककर लगभग 20 मिनट के लिए रख दें।

एक बार जब आटा तैयार हो जाए, तो इसे ढकने के लिए पर्याप्त पानी वाले एक कंटेनर में रखें। यह स्टार्च और ग्लूटेन को अलग कर देगा। फिर आटे को पानी में अच्छी तरह निचोड़ लें। आप देखेंगे कि स्टार्च और ग्लूटेन अलग होना शुरू हो गया है। अब स्टार्च वाले पानी को करीब 2 घंटे के लिए ढककर रख दें। ग्लूटेन को एक तरफ रख दें और इसे भरावन के लिए उपयोग करें।

### फिलिंग कैसे बनाएं?

लाफिंग की फिलिंग बनाने के लिए ग्लूटेन के आटे को एक बार फिर बहते पानी में धो लें। अब आटे में 1/2 चम्मच यीस्ट या बेकिंग पाउडर मिलाएं। इसके बाद इसे अच्छे से मिक्स करके 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब ग्लूटन को तेल लगी स्टीमर ट्रे पर रखकर 15-20 मिनट तक पकाएं।यह हल्की और फूली हुई ग्लूटेन ब्रेड फिलिंग में उपयोग करने के लिए तैयार हो जाएगी।

### मिर्च की चटनी सामग्री-

- लहसुन
- नमक
- लाल मिर्च पाउडर
- सिचुआन काली मिर्च
- अजीनोमोटो (वैकल्पिक)
- खाना पकाने का तेल

### मिर्च की चटनी बनाने का तरीका-

मिर्च की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले 4-5 कटी हुई लहसुन की कलियां, नमक, सिचुआन काली मिर्च, 3 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, अजीनो मोटो और पानी लेकर उसे अच्छे से मिलाएं और इसमें करीब 100 मिलीलीटर गर्म तेल डालें। आपका टेस्टी मिर्च का पेस्ट तैयार हो जाएगा।

### रैपर बनाने का तरीका-

**सामग्री-**

- हल्दी पाउडर
- खाना पकाने का तेल

### रैपर बनाने का तरीका-

जब बैटर से पानी और स्टार्च अलग हो जाए तो उससे पानी सावधानी से निकालें। (स्टार्च के साथ थोड़ी मात्रा में पानी भी रखें।) इसके बाद, किसी भी ग्लूटेन को हटाने के लिए स्टार्च को छान लें। स्टार्च के घोल में 1/2 चम्मच हल्दी या पीला फूड कलर मिलाएं। अतिरिक्त तेल डालने से पहले इसे अच्छी तरह मिला लें और दोबारा मिला लें। बैटर तैयार हो जाएगा। अब एक प्लेट में थोड़ा सा तेल लगाकर प्लेट को चिकना कर लें और उसमें अच्छी मात्रा में बैटर डालकर उसे सावधानी से स्टीमर पर रखें। इसे 4-5 मिनट तक पकने दें।4-5 मिनिट बाद प्लेट को बाहर निकालकर ठंडे पानी में ठंडा होने दें। थोड़ी देर बाद चम्मच या चाकू की मदद से रैपर के किनारों के नीचे से काटकर रैपर तैयार कर लें।

### सर्व करने से पहले-

एक प्लेट पर एक रैपर रखकर उसपर 1 चम्मच मिर्च का पेस्ट फैलाते हुए इसमें ग्लूटेन ब्रेड, नमक, सोया सॉस और सिरका मिलाएं। इसके बाद अच्छे से मिलाकर इसके रोल बना लें। अब इसे बराबर टुकड़ों में काट लें। आपका स्वादिष्ट तिब्बती नाश्ता बनकर तैयार है।

## बच्चों को मोबाइल पर दिख गई है अनसेफ तस्वीरें तो इस तरह बचाएं



**PARENTING**

**बच्चे को मोबाइल पर अगर हिंसक, अश्लील कंटेट या तस्वीरें दिख गई है तो बालमन पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव से बचाने के लिए इन तीन चीजों को समझाएं। जिससे कि वो घबराएं नहीं।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चे जब स्कूल जाना शुरू करते हैं तो वो घर के सुरक्षित वातावरण से अलग पूरी दुनिया से मिलते हैं। ऐसे में उन्हें उनकी सुरक्षा के बारे में पूरी तरह से जागरुक करना बेहद जरूरी है। खासतौर पर इंटरनेट के जमाने में जब सबकुछ ऑनलाइन है। जिसकी वजह से बच्चे कई बार साइबर क्राइम, अश्लील फोटोज और हिंसक दृश्यों को देख लेते हैं और उनके कोमल मन पर गहरा असर पड़ता है। वैसे तो बच्चे स्कूल के माहौल में सेफ होते हैं और इस तरह की घटनाएं कम ही सुनने को मिलती है। लेकिन बच्चा अगर स्कूल बस, वैन या पब्लिक ट्रांसपोर्ट से सफर करता है तो उसकी इस तरह की सेफ्टी का ध्यान रखना भी जरूरी है। क्योंकि भले ही आपने अपने बच्चे के मोबाइल में पैरेंटल कंट्रोल लगा रखा हो लेकिन दूसरे बड़े बच्चे भी कई बार शरारत में उन्हें गलत चीजें दिखा देते हैं। बच्चों को मोबाइल में दिखने वाली अनसेफ तस्वीरों से बचाने के लिए ये बातें जरूर समझाएं।

### बच्चों को जरूर बताएं क्या है अनसेफ

बच्चे अक्सर साथ हुए अनुभव को बता नहीं पाते। जिसकी वजह से वो एंजायटी और स्ट्रेस का शिकार हो जाते हैं। बच्चों को सिखाएं कि अगर वो किसी ऐसी तस्वीर या वीडियो को देखते हैं जो उन्हें दुखी करती, डराती है या अनकंफर्टेबल फील कराती है। जिसे देखकर बेचैनी होती है। तो वो गलत और अनसेफ है।

### किसे बताएं

बच्चों को सिखाएं कि वो किन लोगों पर भरोसा कर सकते हैं इस तरह की फीलिंग्स को बताने के लिए। साथ ही बच्चे को बताएं मम्मी-पापा या आपका करीबी भरोसेमंद रिश्तेदार के अलावा कोई भी ऐसी फोटोज या वीडियो दिखाता है जिसमे लोग एक दूसरे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तो फौरन अपने पैरेंट्स को बताएं।

### सच बोलने से नहीं होगा नुकसान

बच्चे को समझाएं कि अगर वो सच बताएगा तो उससे नुकसान नहीं होगा। किसी फोटो को देखकर अनकंफर्टेबल फील होता है तो फौरन पैरेंट्स को बताएं। कई बार बच्चे इस तरह की घटनाओं को बताने में डरते हैं या शर्मिंदा महसूस करते हैं।



## इन 5 लोगों को भूलकर भी नहीं करना चाहिए संतरे का सेवन, इसके सेवन से होगा नुकसान

**KNOWLEDGE**

**संतरे में मौजूद विटामिन सी व्यक्ति की इम्यूनिटी मजबूत बनाकर उसके शरीर को कई रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। लेकिन क्या आप जानते हैं संतरे का जरूरत से ज़्यादा सेवन कई लोगों को बीमार भी कर सकता है।**

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

बच्चे हो या बड़े, खट्टे-मीठे स्वाद वाला रसदार फल, संतरा हर किसी का फेवरेट होता है। संतरा न सिर्फ अपने स्वाद की वजह से बल्कि इसमें मौजूद सेहत को फायदा पहुंचाने वाले पोषक तत्वों की वजह से भी पसंद किया जाता है। संतरे में विटामिन सी, फाइबर, टामिन A, B, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। सेहत के लिए इतना फायदेमंद होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कुछ लोगों को संतरे का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। संतरे का सेवन उन्हें फायदा पहुंचाने की जगह नुकसान पहुंचा सकता है।



### एसिडिटी

संतरे का अधिक मात्रा में सेवन हार्टबर्न या एसिडिटी का कारण बन सकता है। खटास होने के कारण इसमें एसिड की मात्रा अधिक पाई जाती है जिसके सेवन से शरीर में एसिड की मात्रा बढ़ जाती है और हार्टबर्न की समस्या हो जाती है।

### किडनी से जुड़ी समस्या

जिन लोगों को किडनी से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या पहले से है, उन्हें संतरे का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। संतरा खाने से पहले ऐसे लोगों को अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

### दांत हो सकते हैं खराब

संतरे का सेवन ज्यादा करने से दांतों से जुड़ी समस्याएं परेशानी कर सकती हैं। संतरे में मौजूद एसिड दांतों के इनेमल में मौजूद कैल्शियम के साथ मिलकर बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा पैदा कर सकता है। जिसकी वजह से दांतों में कैविटी की परेशानी हो सकती है और दांत धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं।

### पेट में ऐंठन

संतरे में मौजूद फाइबर की अधिकता की वजह से इसका ज्यादा सेवन करने पर व्यक्ति को अपच, पेट में ऐंठन और दस्त की समस्या हो सकती है। ध्यान रखें, एक दिन में ज्यादा से ज्यादा 2 संतरे का सेवन करना चाहिए।

### जोड़ों में दर्द

संतरे की तासीर ठंडी होती है। ऐसे में जिन लोगों को पहले से ही अर्थराइटिस या जोड़ों में दर्द की समस्या है, उन्हें संतरे का सेवन करने से बचना चाहिए। संतरे का अधिक सेवन हड्डियों में दर्द की समस्या को बढ़ा सकता है।

***नोट :*** *इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# नई पीढ़ी अमृत काल को आकार देगी : हरदीप पुरी

**• 9वें रोजगार मेले में होशियारपुर में 285 को दिए गए नियुक्ति पत्र • कहा, महिला सशक्तिकरण से राष्ट्र की तेज प्रगति में मदद मिलती है**





**• जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने डीएवी कॉलेज परिसर में आयोजित रोजगार मेले के 9वें संस्करण के अंतर्गत करवाए गए कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के विभिन्न विभागों में नई नियुक्तियां हासिल करने वालों को संबोधित किया। पुरी ने कहा कि नव नियुक्त युवा पीढ़ी देश के प्रति कर्मठ रहकर 2047 के नए भारत को आकार देगी। इस दौरान कुल 285 नये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये गये, जिनमें से अधिकतर भारतीय डाक विभाग में नियुक्तियां हुई हैं। 25 को नव नियुक्तियों को संबंधित पत्र मंत्री ने स्वयं सौंपे तथा अन्य को वहां उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री द्वारा 51,000 नये नियुक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपने संबंधित वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। मेले का आयोजन भारतीय डाक विभाग के पंजाब सर्कल द्वारा किया गया।श्रीमती मनीषा बंसल, पोस्ट मास्टर जनरल, चंडीगढ़ सर्कल, चरणजीत सिंह वरिष्ठ डाक अधीक्षक, होशियारपुर और कैलाश शर्मा सहायक निर्देशक, डाक विभाग, चंडीगढ़ सहित विभाग के अन्य अधिकारियों भी उपस्थित थे।

नई नियुक्तियां हासिल करने को बधाई देते हुए, पुरी ने कहा कि राष्ट्र अमृत काल इस दौर से गुजरते हुए इस समय विकास पथ पर बढ़ते हुए वर्ष 2023 में पहुंच है और वर्ष 2047 तक यह एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में से स्वच्छ भारत अभियान सबसे महत्वपूर्ण योजना है जो न केवल स्वच्छता के लिए बल्कि बेहतर स्वास्थ्य स्थितियों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान योजना एक जन आंदोलन बन गया है और दुनिया के किसी भी देश की, यह अब तक की सबसे बड़ी योजना बन गई है।

उन्होंने उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, एसबीएम के तहत शौचालयों के निर्माण आदि सहित आम जनता के विकास के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न अन्य कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर भी इस दौरान चर्चा की। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर महिला केंद्रित योजनाएं हैं जो कि एक बेहतर और स्वस्थ समाज निर्माण के साथ साथ महिलाओं की प्रगति में भी मदद करने के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का एक अहम पहलू हैं ।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अविनाश राय खन्ना, (प्रभारी-हिमाचल प्रदेश-पूर्व सांसद), विजय सांपला, (पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय एस सी आयोग), तीक्ष्ण सूद (पूर्व मंत्री पंजाब), बीबी मोहिंदर कौर जोश, (पूर्व मंत्री पंजाब), श्रीमती मीनू सेठी,(राज्य सचिव-भाजपा), जंगी लाल महाजन विधायक मुकेरियां. दिलबाग राय, (विधानसभा प्रभारी चब्बेवाल, ) निपुण शर्मा (जिला अध्यक्ष-भाजपा), बिन्दुसार शुक्ला (जिला महासचिव), जतिंदर सैनी (जिला महासचिव), जसवीर सिंह (जिला महासचिव), सुरेश भाटिया (जिला महासचिव), शिव सूद (पूर्व मेयर), विजय पठानिया पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष), अश्विनी गेंद, श्रीमती कुलवंत कौर, श्रीमती अर्चना जैन, उमेश जैन, यशपाल शर्मा भी शामिल थें।

## टीडीसैट ने अमृतसर में दूरसंचार, प्रसारण और साइबर क्षेत्रों में उपभोक्ता शिकायतों और विवाद समाधान पर सेमिनार का आयोजन किया



**• जालंधर ब्रीज.** अमृतसर

टीडीसैट ने 23 सितंबर, 2023 को अमृतसर, पंजाब में "दूरसंचार, प्रसारण और साइबर क्षेत्रों में उपभोक्ता शिकायतें और विवाद समाधान" पर एक सेमिनार आयोजित किया। इसने 22 सितंबर, 2023 को अमृतसर में अपना न्यायालय भी आयोजित किया। माननीय मिस्टर जस्टिस सूर्यकांत, न्यायाधीश, भारत का सर्वोच्च न्यायालय मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में माननीय मुख्य अतिथि ने टीडीसैट की वितरण प्रणाली की सराहना की और सराहना की कि इसने स्थानीय वादियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए अमृतसर में अदालत का आयोजन किया है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर टीडीसैट की स्थायी पीठ स्थापित करने और इसके बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश में न्यायाधिकरण एक आवश्यकता है और इसे मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने बहुत जोरदार ढंग से घोषणा की कि टीडीसैट अपने अधिकार क्षेत्र और इसकी वितरण प्रणाली को ध्यान में रखते हुए देश में उत्कृष्ट न्यायाधिकरण रहा है।

माननीय मिस्टर जस्टिस अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय सम्मानित अतिथि थे। माननीय न्यायमूर्ति पल्ली ने टीडीसैट द्वारा विवाद समाधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर अदालतें आयोजित करके वादियों तक उनके दरवाजे तक पहुंचने के लिए ट्रिब्यूनल और उसके अध्यक्ष को श्रेय दिया। उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। टीडीसैट के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति डीएन पटेल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने टीडीसैट के अधिकार क्षेत्र, वितरण प्रणाली आदि का वर्णन किया। उन्होंने सम्मानित सभा को सूचित किया कि टीडीसैट दूरसंचार, प्रसारण, साइबर, एईआरए मामलों से संबंधित विवादों को यथासंभव शीघ्रता से हल कर रहा है और निपटान दर फाइलिंग दर के बराबर हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि टीडीसैट ने वादियों को उनके दरवाजे पर मामलों की सुनवाई की सुविधा प्रदान करने के लिए स्थानीय मामलों की सुनवाई के लिए 22.09.2023 को अमृतसर में भी अदालत का आयोजन किया है।

टेलीकॉम वकील एसोसिएशन के अध्यक्ष मंजुल बाजपेयी ने उद्घाटन सत्र के लिए धन्यवाद प्रस्ताव दिया। सेमिनार में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश, अमृतसर बार एसोसिएशन, टेलीकॉम वकील एसोसिएशन के सदस्य, पंजाब सरकार और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधि, अमृतसर के लॉ कॉलेजों के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। बिजनेस सत्र में अमन पाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता, पंजाब सरकार, प्रदीप कुमार सैनी, अध्यक्ष, अमृतसर बार एसोसिएशन, तेजवीर सिंह भाटिया, सुपायल काकरा, कुणाल टंडन, जैसे विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे। विभव श्रीवास्तव, हिमांशु धवन एडवोकेट्स ने प्रसारण, दूरसंचार और साइबर क्षेत्रों में प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। सैनी ने टीडीसैट को अमृतसर आने के लिए बधाई दी और इंस्टीट्यूशन और टेलीकॉम लॉयर्स एसोसिएशन को स्थानीय लोगों और हितधारकों के लाभ के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। तेजवीर सिंह भाटिया, अधिवक्ता ने दिल्ली में टीडीसैट के लिए एक स्थायी और पर्याप्त परिसर की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि यह किराए के परिसर में काम कर रहा है और इसके लिए पर्याप्त जगह और अन्य बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। श्रोताओं के प्रश्नों का विषय विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। मंजुल बाजपेयी, अधिवक्ता ने सत्र का संचालन किया। उन्होंने समापन भाषण भी दिया। सेमिनार का समापन बिजनेस सत्र के साथ हुआ जहां नासिर हुसैन, एडवोकेट ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने अमृतसर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक की अध्यक्षता की

**• जालंधर ब्रीज.** अमृतसर



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज पंजाब के अमृतसर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपालों, चंडीगढ़ के प्रशासक, सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्रियों, केंद्रीय गृह सचिव, सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिवों और उत्तरी क्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अपने संबोधन में कहा किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 5 सालों में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर action platform के रूप में कारगर साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्रीय परिषद का देश के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है और देश की 21 प्रतिशत भूमि और 13 प्रतिशत जनसंख्या के साथ 35 प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न उत्पादन उत्तर क्षेत्र में ही होता है। श्री शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सेना में सबसे अधिक जवान उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से आते हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार को नारकोटिक्स और आतंकवाद पर नकेल कसने में कामयाबी मिली है। उन्होंने कहा कि सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के प्रति मोदी सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमारी सीमाओं पर एंटी-ड्रोन प्रणाली की तैनाती होगी। गृह मंत्री ने उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के सभी सदस्य राज्यों से पानी के बंटवारे संबंधी आपसी विवादों को खुले मन और आपसी विमर्श से सुलझाने का अनुरोध किया।

अमित शाह ने सहकारिता, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दरऔर कुपोषण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता बताते हुए सभी सदस्य राज्यों से इन पर खास ध्यान देने को कहा।देश में एक भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए, स्कूलड्रॉप आउट दर को कम करने की ज़िम्मेदारी हम सबकी है।उन्होंने कहा कि सहकारिताआंदोलन को गति देने से देश के 60 करोड़ से अधिक लोगों को समृद्धि कीओर ले जाने में मदद मिलेगी।श्री शाह ने सभी सदस्य राज्यों से प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती को अपनाने का अनुरोध किया और कहा कि इससे देश के किसानों को बहुत फायदा होगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने हिमाचल प्रदेश में आई भीषण बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए केन्द्र द्वारा राज्य सरकार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि पूरा देश इस संकट की घड़ी में हिमाचल प्रदेश के साथ खड़ाहै। अमित शाह के आह्वान पर उत्तरी क्षेत्रीय परिषद ने चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, G20 सम्मेलन और विश्व कल्याण में भारत के नेतृत्व की पूरी दुनिया में प्रशंसा और संसद द्वारा ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यद्यपि क्षेत्रीय परिषदों की प्रकृति सलाहकार की है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, क्षेत्रीय परिषदें विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग के स्वस्थ समन्वय को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कारक साबित हुई हैं।क्षेत्रीय परिषदें सदस्यों के बीच उच्चतम स्तर पर व्यक्तिगत बातचीत का अवसर प्रदान करती हैं और सौहार्द और सद्भावना के माहौल में कठिन और जटिल प्रकृति के मुद्दों को हल करने के लिए एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करती हैं। क्षेत्रीय परिषदें, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से, सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यों के बीच एक समन्वित दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती हैं। क्षेत्रीय परिषदें राज्यों के सामान्य हित के मुद्दों पर भी चर्चा और सिफारिशें करती हैं।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ ने सफलतापूर्वक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया





**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़, द्वारा आज राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर खुरद, चंडीगढ़ में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम मै स्कूल के छात्र और शिक्षकों के सक्रिय भागीदारी की।

स्कूल के परिसर में आयोजित सफाई अभियान में स्कूली छात्रों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो स्वच्छता का समर्थन करने के लिए एक साथ आए। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक, विवेक वैभव, ने इस मौके पर वहां पर उपस्थित सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।

विवेक वैभव ने बताया कि स्वस्थ शरीर और मन बनाए रखने के लिए स्वच्छता के महत्व को उजागर किया, यह स्पष्ट किया कि यह केवल एक कर्तव्य नहीं है, बल्कि सभी के लिए नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने इसे स्पष्ट करते हुए कहा, "हमें सभी को याद रखना चाहिए कि भगवान को सफाई और स्वस्थ शरीर की इच्छा है, और समाज इसका सम्मान करता है। सफाई जीवन में सफलता पाने का मंत्र है, क्योंकि हम सिर्फ तब अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं जब हम स्वस्थ रहें। हमें स्वच्छ और स्वास्थ्यपूर्ण रहना आवश्यक है, और पर्यावरण को साफ और स्वास्थ्यपूर्ण बनाना जीवन के अस्तित्व और जीवन की संरक्षण की कुंजी है।"

इस गतिविधि को स्कूल के प्रिंसिपल, संजीव कुमार सिंगल की मौजूदगी में आयोजित किया गया, उन्होंने छात्रों को स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने वाली ऐसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए किया। इस कार्यक्रम मै छात्रों को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए स्वच्छता लोगो, टी-शर्ट्स के साथ रिफ्रेशमेंट दिलाने भी दी गई ।

## केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान ने 218 नवनियुक्तों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

**• जालंधर ब्रीज.** हरियाणा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को रोज़गार के संकल्प के तहत हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 9वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र के एनआईटी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विकास राज्य मंत्री मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और 218 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र हासिल करने वालों में डाक विभाग के 169, एनआईटी कुरुक्षेत्र के 18, इनकम टैक्स विभाग के 15, स्वास्थ्य विभाग के 8, केंद्रीय विद्यालय के 6 और बैंकिंग सेक्टर के 2 उम्मीदवार शामिल थे।

केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान ने नियुक्ति पत्र हासिल करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपको दृढ़ता से देश की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है, इसका लाभ लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "विधानपालिका को 5 वर्ष तक यह अवसर मिलता है, जबकि कार्यपालिका में नियुक्त हुए व्यक्ति को लंबे समय तक यह सेवा निभाने का मौका मिलता है।"

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद एक बड़ा बदलाव आया है, जिसके तहत जो युवा जिस तरह का सामर्थ्य रखता है, उसको बिना भेदभाव रोजगार दिया गया है। पिछली सरकारों की कार्यप्रणाली पर तंज कसते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे पहले नौकरी या तो रिश्वत से मिलती थी या राजनीतिक लोगों की पहुंच से मिलती थी। उन्होंने कहा कि पहले नौकरी लेने में राजनीति होती थी और उसके बाद ट्रांसफर के लिए भी राजनीतिक लोगों के पास जाना पड़ता था, पर अब समय बदल गया है। अब नौकरी पूरी पारदर्शिता एवं मेरिट के आधार पर मिलती हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान ने कहा, "इससे कहीं ना कहीं नौकरी देने में राजनीतिक लोगों का दखल दूर हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "केंद्र सरकार की कोशिश हर रिक्त पद को भरने की रही है, इसी कोशिश के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 से रोजगार मेले की शुरुआत की।"

केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान ने कहा कि आज का देश बदलता हुआ भारत है। जहां दुनिया के हर एक कोने में आर्थिक मंदी देखने को मिल रही है, वहीं भारत में नए-नए रोजगार पैदा हो रहे हैं और निवेश आ रहा है।"उन्होंने कहा कि भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान की अर्थवयवस्था चरमरा गई है, जबकि भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थवयवस्था बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने नौकरी हासिल करने वाले युवाओं को अपील करते हुए कहा है कि वह जहां भी जाएं अपनी नौकरी के दौरान सकारात्मक सोच बनाए रखें और दृढ़ता के साथ देश सेवा करें। उन्होंने युवाओं को दहेज़ प्रथा की बुराई से दूर रहने का आह्वान भी किया।

# किसानों के फगवाड़ा चीनी मिल से जुड़े सभी मसलों का जल्द हल करेगी सरकार : गुरमीत सिंह खुड्डियां

## मान सरकार किसानों के साथ खड़ी, किसानों का शोषण नहीं करने दिया जाएगा : कृषि मंत्री

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह बिल ने आज दोआबा के गन्ना काशतकारों को भरोसा दिया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों के गोल्डन संधर मिल्लज़ लिमटिड, फगवाड़ा के साथ सम्बन्धित सभी मसलों को जल्दी हल करेगी। गुरमीत सिंह गुरमीत सिंह खुड्डियां, जिनके साथ पंजाब शूगरफैड्ड के चेयरमैन नवदीप सिंह जीता, डायरैक्टर कृषि जसवंत सिंह और कपूरथला जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे, ने आज यहाँ खेती भवन में भारतीय किसान यूनियन ( दोआबा) के प्रधान मनजीत सिंह राय का नेतृत्व में आए दोआबा क्षेत्र के गन्ना काशतकारों के साथ मीटिंग की।

गन्ना काशतकारों की तरफ से उठाये मसलों के जवाब में कृषि मंत्री ने डिप्टी कमिश्नर कपूरथला कैप्टन करनैल सिंह को निर्देश दिये कि डिफालटर मिल मालिकों की जायदादों ज़ब्त करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जाये और किसानों के हितों के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं क्योंकि किसानों का कल्याण मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्हों ने ज़िला कपूरथला के आधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए भी कहा कि गन्ना काश्तकारों के सभी बकाए समयबद्ध ढंग के साथ कलियर किये जाएँ। यह दोहराते हुए कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार डिफालटर मिल मालिकों के हाथों किसानों को तबाह-अपमानित नहीं होने देगी, कृषि मंत्री ने कहा कि सूबा सरकार अपने किसानों के साथ खड़ी है और डिफालटर मिल मालिक, जो गन्ना काश्तकारों का 40. 72 करोड़ रुपए का बकाया अदा करने की अपनी ज़िम्मेदारी से भागने की कोशिश कर रहे हैं, ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का देहांत

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के देहांत पर गहरा दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने डॉ. स्वामीनाथन के देहांत को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में एक युग का अंत बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के योगदान को रहती दुनिया तक याद रखा जायेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक के देहांत से एक बड़ी क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति नज़दीकी भविष्य हो पाना संभव नहीं लगता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन का देहांत देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। भगवंत सिंह मान ने ईश्वर के समक्ष प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में निवास प्रदान करें।

# जालंधर के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त

### अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करना सुनिश्चित किया जाए : जिला चुनाव अधिकारी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अधिक से अधिक युवाओं को रजिस्ट्रेशन के लिए जालंधर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ज़िला चुनाव अधिकारी कम डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक युवाओं, विशेषकर 18-19 वर्ष के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रिंसिपल को सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

प्रिंसिपल, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के), विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र फिल्लौर (अ.ज) के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह, विधानसभा क्षेत्र नकोदर के लिए प्रिंसिपल गुरु नानक नेशनल कॉलेज (लड़के), जालंधर के लिए सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र शाहकोट के लिए कार्यकारी अधिकारी, नगर पंचायत, शाहकोट विधानसभा क्षेत्र करतारपुर (अ.ज.) सेकेंडरी स्कूल पचरंगा , विधानसभा क्षेत्र जालंधर पश्चिम (अ.ज.) के लिए प्रिंसिपल, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वडाला, जालंधर, विधानसभा क्षेत्र जालंधर सेंट्रल के लिए प्रिंसिपल, प्रेम चंद मारकंडा एस.डी. कॉलेज (गर्ल्स), जालंधर को सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रिंसिपल साई दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटेल चौक, जालंधर को विधानसभा क्षेत्र जालंधर उत्तर के लिए सहायक चुनावी पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र जालंधर कैंट के लिए प्रिंसिपल बनारसी दास आर्य कॉलेज जालंधर और विधानसभा क्षेत्र आदमपुर (अ.ज) के लिए प्रिंसिपल सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मसानीया को सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 21 बेटियों के बाद अब 21 बेटों को भारत दर्शन करवाएंगे अनुराग सिंह ठाकुर

• **जालंधर ब्रीज.** शिमला




केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की लोकप्रिय पहल, सांसद भारत दर्शन के दूसरे चरण के लिए चयनित हुए 21 लड़कों की सूची घोषित कर दी गई है। संसद भारत दर्शन एक शैक्षणिक दौरा है, जो कि हमीरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मेधावी और उत्कृष्ट छात्रों के लिए अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा निशुल्क आयोजित किया जाता है। पिछले 5 सालों मे 101 बच्चों को यह यात्रा करवा चुके हैं अनुराग ठाकुर, और अब 25 अक्टूबर से 1 नवंबर तक, चयनित 21 लड़कों के लिए सांसद भारत दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली दर्शन के साथ, यह ग्रुप विशेष रूप से गुजरात दौरे पर जाएगा।

21 छात्रों के साथ 2 'एक से श्रेष्ठ' अध्यापिकाओं का चयन भी किया गया है। 'एक से श्रेष्ठ', अनुराग सिंह ठाकुर की पहल है, जिसके अंतर्गत बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जाता है और साथ ही सभी जरूरी शिक्षा सामग्री जैसे स्कूल बैग, स्टडी टेबल, स्टेशनरी निशुल्क दी जाती है। वर्तमान मे संसदीय क्षेत्र मे 475 केंद्र चल रहे हैं जिसके माध्यम से महिलाओं को रोज़गार का अवसर भी मिला है और 9000 से भी अधिक छात्रों को बेहतर शिक्षा भी मिल रही है। केंद्रों मे बच्चों को प्रतिदिन प्रोटीन मिल्क शेक भी दिया जाता है और डिजिटल उपकरण जैसे लैपटॉप और लर्निंग किट द्वारा बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है।

# खेडां वतन पंजाब दीयां : गुरु नानक स्टेडियम से खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला



पंजाब सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुरू किए गए खेडां वतन पंजाब दीयां के सीजन-2 के तहत आज स्थानीय गुरु नानक स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई।

जिला स्तरीय मुकाबलों की शुरुआत के अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) अमरप्रीत कौर संधू, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन गुरपाल सिंह इंडियन और एस. डी.एम. लाल विश्वास बैंस ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। जिला खेल अधिकारी लवजीत सिंह ने बताया कि जिले में 1 सितंबर से ब्लॉक स्तरीय खेल शुरू हो गए थे और आज जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं जो 3 अक्टूबर तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, मुक्केबाजी, लंबी छलांग, फुटबॉल आदि शामिल हैं और ये प्रतियोगिताएं कपूरथला और फगवाड़ा में आयोजित की जा रही हैं।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि फगवाड़ा में पहले दिन अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिताएं हुईं, जिसकी शुरुआत सोंधी रायपुर डब्बा ओलंपिक रेसलिंग अकादमी परम नगर को खोथडी रोड फगवाड़ा में पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती कोच और अकादमी के प्रबंधक पी.आर. सौंधी की देखरेख में हुई इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन एफसीआई के मैनेजर और सोशल अवेयरनेस फोरम के प्रधान बलविंदर राम द्वारा किया गया।

अकादमी अध्यक्ष बी.एस. बागला ने बताया कि पहले दिन अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग के पहलवानों की कुश्ती हुई। अंडर-17 65 किलोग्राम भार वर्ग प्रथम कुश्ती आर.पी. डी. एकेडमी के पहलवान तेजस ढडवाल ने अमनदीप सिंह कांजली को हराकर जीत हासिल की। जबकि 55 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती में नीरज मल्ल फगवाड़ा ने कविश कपूरथला को हराया। 71 किलोग्राम भार वर्ग में गुरनूर कांजली ने हरमन कालिया खेड़ा दोनों को हराया। इसी प्रकार अंडर-14 के 41 किलोग्राम भार वर्ग की पहली कुश्ती में शिवदीप कपूरथला ने उदयवीर सिंह कपूरथला को तथा हरजीत जसराज फगवाड़ा ने समर खुराना फगवाड़ा को हराया। 52 किलोग्राम कुश्ती प्रतियोगिता में सहजवीर सिंह कपूरथला ने संदीप बसरा फगवाड़ा को हराकर जीत हासिल की।




# मीत हेयर ने स्वर्ण पदक विजेता अर्जुन चीमा को दी मुबारकबाद

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

हांगज़ू में चल रही एशियन गेम्ज़ में पंजाब के खिलाडिय़ों का बेहतर प्रदर्शन जारी है। आज पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा ने निशानेबाजी के टीम मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।

पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने अर्जुन सिंह चीमा को बधाई देते हुए कहा कि एशियन गेम्ज़ में पंजाब के खिलाड़ी रोज राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। राज्य को अपने खिलाडिय़ों पर गर्व है। रोइंग और क्रिकेट के बाद निशानेबाजी में पंजाब के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब के खिलाडिय़ों ने अब तक 3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 काँस्य पदक जीते हैं। फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोबिन्दगढ़ के अर्जुन सिंह चीमा ने आज एशियन गेम्ज़ में पुरूषों के 10 मीटर एयर पिस्तौल टीम मुकाबले में हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक जीता।

# नवोदय विद्यालय में आर्ट-इन-एजुकेशन की एक माह की वर्कशाप जी-20 का हुआ समापन समारोह

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



जवाहर नवोदय विद्यालय फलाही में नवोदय विद्यालय समीति के दिशा निर्देशानुसार आर्ट-इन-एजुकेशन की एक माह की वर्कशाप जी-20 का समापन समारोह किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रिंसीपल रंजु दुग्गल, सीनियर मोस्ट टीचर संजीव कुमार, नाटक निर्देशक तथा रंग-कर्मी अशोक पुरी ने की। इस समापन समारोह का संचालन विद्यार्थी शिवा जग्गी तथा अवनीत कौर ने किया।

वसुधैव कुटुम्बकम वर्कशाप में जी-20 के सभी विषयों को बाखूबी निभाया गया है। समापन समारोह में विरासत भारती डांस हर्षदीप कौर तथा गुरलीन कौर ने किया। इस अवसर पर वसुधैव कुटुम्बकंम तथा जी-20 पर वन्दतिका तथा भावित पठानिया ने संक्षेप भाषण में भरपूर जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक पुरी का लिखा तथा निर्देशत नाटक वसुधैव कुटुम्बकम में नाटककार ने भारतीय विरासत, पर्यावरण की संभाल तथा शुद्ध खान-पान को बाखूबी निभाया है। इस वर्कशाप में युवराज सिंह तथा हरीश ने गुरू जी की भूमिका खुशप्रीत अक्षरा, शालू व विकास ने सूत्रधार के साथ भवित पठानिया, आनंद शर्मा, पलवी महै, खुशबू और राधिका ने अपने अपने किरदार के साथ इन्साफ किया। इस वर्कशाप के सहायक निर्देशक गुरविन्दर सिंह तथा अमृत लाल थे जिनकी मेहनत से समापन प्रोग्राम सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल रंजू दुग्गल ने सम्बोधन करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को इस वर्कशाप के दौरान चरित्र निर्माण, देश भगती तथा अपनी पुरातन सांस्कृति को जानने का एक सुनहरी अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर प्रोग्राम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, प्रिंसीपल रंजू दुग्गल, सीनियर मोस्ट टीचर संजीव कुमार, टीचर इंचार्ज भारत जसरोटिया, गुरविन्दर सिंह, अमृत लाल तथा अशोक पुरी को मैडल देकर सम्मानित किया गया।

# 'हरित उपभोक्ता दिवस पर शून्य- रहंद-खानहुद' प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर दिया जोर

• **नई दिल्ली**



स्थायी भविष्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध, पुष्पा गुजराल साइंस सिटी ने हरित उद्यमी दिवस पर एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान, "शून्य अपशिष्ट-खानहुद की चुनौतियाँ" पर आयोजित मॉडल प्रतियोगिता विशेष रूप से आकर्षक था। इस प्रतियोगिता में, लगभग 200 छात्रों ने अपने स्कूलों में अपनाई जा रही " शून्य- रहंद-खानहुद" के अभयासों को दर्शाने वाले मॉडल का प्रदर्शन किया। किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में अपशिष्ट को कम करने के साथ-साथ रीसाइक्लिग के बारे में जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइंस सिटी निदेशक डॉ. राजेश ग्रोवर ने कहा कि शून्य अपशिष्ट एक ऐसा लक्ष्य है जो न केवल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है बल्कि आर्थिक रूप से भी प्रभावी है। अपने संबोधन के दौरान डॉ. ग्रोवर ने बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पुनर्स्थापन और व्यवस्थित रूप से बर्बादी को कम करने के उद्देश्य से उत्पादों और प्रक्रियाओं को डिजाइन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के अभयासों को अपनाने से पृथ्वी, हवा और पानी से निकलने वाले सभी गंदे तत्व खत्म हो जाएंगे जो इंसानों, जानवरों और पृथ्वी के लिए हानिकारक हैं। इस अवसर पर डा. ग्रोवर ने स्कूली बच्चों को अपने घरों, स्कूलों में शून्य अपशिष्ट प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसे प्रयासों का हमारी पृथ्वी के रखरखाव में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने छात्रों से टिकाऊ और गैर विषैले स्रोतों का उपयोग करने का आग्रह किया जो पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं और ऐसा करने से ऊर्जा के जीवाश्म स्रोतों पर निर्भरता कम की जा सकती है। इससे जहां ऊर्जा के स्रोतों में स्थिरता आएगी, वहीं ऊर्जा सुरक्षा और क्षमता में भी सुधार होगा।

# 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' स्वच्छत्ता अभियान 1 अक्तूबर को

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

महात्मा गांधी की 154वीं जयंती एक अक्टूबर को राष्ट्रिय स्तर का एक विशेष स्वच्छत्ता अभियान "एक तारीख, एक घंटा, एक साथ" चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान जिले के सभी गावों और शहरों में सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए स्वच्छ्तत्ता गतिविधियां की जाएंगी जिनमें स्थानीय लोग तथा संस्थाएं बढ़चढ़ कर भाग लेंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वच्छत्ता बारे जागरूकता पैदा करना तथा कचरा मुक्त स्वच्छ पर्यावरण बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करना हैं।



उपायुक्त कोमल मित्तल (आईएएस) ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान चुने हुए सार्वजनिक स्थानों की श्रमदान से सफाई की जाएंगी तथा इक्क्ठा किये गए कचरे को नजदीक की वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में प्रबंधन के लिए भेजा जायेगा। इस अभियान के तहत जिले में सभी शहरी स्थानीय निकाय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिनमे स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक - धार्मिक - शेक्षणिक संस्थाएं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मार्किट एसोसिएशन, युवा क्लब्स, सरकारी - गैर सरकारी हॉस्पिटल्स, होटल्स, ढाबें आदि श्रमदान करेंगे।

## वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में बदलाव

# अक्षर पटेल बाहर, अश्विन को मिली जगह

**मुंबई.** वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारतीय टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। स्टार स्पिनर आर अश्विन ने ऑलराउंडर अश्रर पटेल को रिप्लेस कर दिया है। अक्षर पटेल चोट के चलते टीम से दूर थे। वहीं अश्विन को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज़ के लिए टीम का हिस्सा बनाया गया था जिसमें उन्होंने गेंद से कमाल दिखाते हुए सिलेक्टर्स को प्रभावित किया। अक्षर की चोट अश्विन के लिए मौका साबित हुई।

अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ के दो मुकाबलों में 22 की औसत से 4 विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ के ज़रिए अश्विन ने वनडे में लंबे वक़्त बाद वापसी की थी। इससे पहले अश्विन ने भारत के लिए आखिरी वनडे मुकाबला 21 जनवरी 2022 में खेला था, लेकिन अब उन्हें मेगा इवेंट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बना लिया गया है। वे अब तक भारत के लिए 115 एकदिवसीय मुकाबले खेल चुके हैं।


फोटो-बीसीसीआई

बता दें कि अक्षर पटेल एशिया कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 चरण में खेले गए मुकाबले में चोटिल हुए थे। अक्षर की चोट को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि विश्व कप से पहले वो ठीक हो जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

**वर्ल्ड कप के लिए भारत का फाइनल स्क्वाड :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, आर अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

# आर्टिलरी रेजिमेंट ने 197वां गनर दिवस मनाया



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आर्टिलरी रेजिमेंट ने चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन में आज अपना 197वां गनर दिवस मनाया। गनर दिवस 28 सितंबर 1827 को पहली भारतीय तोपखाने इकाई, 5 (बॉम्बे) माउंटेन बैटरी की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर, बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन में 'वीर स्मृति' में पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.